हे माँ अंबे हे जगदंबे तुमको रिझाने आया लिरिक्स

हे माँ अंबे हे जगदंबे,
तुमको रिझाने आया,
माँ तुमको मनाने आया,
माँ तुमको मनाने आया।bd।

पावन तेरा धाम है मैय्या,
जग से निराला नाम है मैय्या,
पावन तेरे धाम के मैय्या,
जग से निराले नाम के मैय्या,
दर्शन करने आया,
माँ तुमको मनाने आया,
माँ तुमको रिझाने आया।bd।

तू जग की रखवाली मैय्या,
सबकी पालनहारी मैय्या,
संकट हरने वाली मैय्या,
बिगडी बनाने वाली मैय्या,
बिगडी बनाने आया,
माँ तुमको रिझाने आया,
माँ तुमको मनाने आया।bd।

तन मन धन माँ सबकुछ तेरा,
तेरा तुझको क्या है मेरा,
दर पे तेरे आशा लेकर,
खाली झोली मैय्या लेकर,
झोली भरने आया,
माँ तुमको रिझाने आया,
माँ तुमको मनाने आया।bd।

हे माँ अंबे हे जगदंबे,
तुमको रिझाने आया,
माँ तुमको मनाने आया,
माँ तुमको मनाने आया।bd।

गीत एवं स्वर - दिनेश शर्मा।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com